श्री ....
अध्यक्ष, जिला शाखा ....
अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान

प्रिय साथियों

जय भीम

जैसा कि आपको विदित है कि हमारे आरक्षण के आन्दोलन को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस आन्दोलन को सफल बनाने में आप द्वारा तन, मन धन से सहयोग दिया है उसे पूरा प्रदेश जानता है। आप सबकी मेहनत व लगन के परिणाम स्वरूप हम पदोन्नति में आरक्षण को कुछ सीमा तक यथावत रखने में सफल रहे है, लेकिन अभी हमें इसके लिए बहुत कुछ करना है। क्योंकि उच्च वर्ग तथा समता आंदोलन समिति न्यायालयों के माध्यम से मुख्य आरक्षण को समाप्त करने के लिए वर्ष 2015 तक का लक्ष्य निर्धारित कर चुका है। जागो पार्टी भी ओछी हरकते कर रही है। राजनैतिक आरक्षण पर भी न्यायालय के माध्यम से तलवार लटका दी गई है इन सबका हमें मुंहतोड जवाब देना है।

हमारा उद्देश्य मात्र आरक्षण को ही संरक्षित करना नहीं है वरन् राज्य कर्मचारियों, अधिकारियों तथा आम–जन की सभी प्रकार की समस्याओं के लिए भी दृढ़ संकल्प होकर कार्य करना है। हमारा उद्देश्य केवल कर्मचारियों का हित ही नही है, वरन् इस आन्दोलन से आमजन को जोड़कर इसे जन आन्दोलन बनाना है। हमें जन समस्याओं के लिए भी लडना हैं। आरक्षण मंच के साथ एस.सी. एस.टी. का प्रबुद्ध वर्ग जुडा हुआ हैं । हम सामान्य जन को साथ लेकर सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक तथा

राजनैतिक क्रान्ति का सूत्रपात कर सकते हैं। हमने एस.सी. तथा एस.टी. वर्ग के सम्पूर्ण उत्थान के लिए यात्रा प्रारम्भ कर दी है। आशा है इसमें अधिक से अधिक लोग जुड़ते जायेगें।

इसी सन्दर्भ में पूर्व में प्रदेश कार्य कारिणी तथा जिला अध्यक्षों की मीटिंग में निर्णय लिया गया था कि एक जनवरी 2012 को आरक्षण मंच का एक वर्ष पूर्ण होने पर मंच का स्थापना दिवस ''आरक्षण अधिकार दिवस'' के रूप में बड़े धूम धाम से मनायेगे।

अतः सभी जिला इकाइयों से निवेदन है कि 01.01.2012 को समस्त जिले में जिला स्तर पर प्रभात फैरियां, रैली आदि कार्यक्रम कर सभा/सम्मेलन आयोजित किये जावें। जिसमें हमारी अब तक की प्रगति व भावी कार्यो की रूप रेखा को आमजन तक पहुंचाया जा सके।

हमें आशा है कि इस जन आन्दोलन में आपका तन मन तथा धन से पूर्ण सहयोग होगा तथा आम जन की भागीदारी भी सुनिश्चित करेंगे। इन सब के लिए आप दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है।

सधन्यवाद ।

भवदीय

ई. आशाराम मीणा
महासचिव